# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट,

फोन/फैक्स नं0 – 01375–224233, E-Mail- dfobarkot@gmail.com वन मित्र कॉल सेंटर– 9208008000

पत्रांक – 2691 / 12–1 , दिनांक,बड़कोट, जून, 30, 2020।

सेवा में,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

**विषयः–** **एन0एच0 123(507) (हर्बटपुर से बडकोट बैण्ड) के कि0मी0 75 से 101 तक के भाग का दो लेन चौडीकरण हेतु 31.860 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु प्रत्यावर्तन प्रस्ताव।**

**सन्दर्भः–** **आपके कार्यालय का पत्रांक–1198/6–3, दिनांक 02.11.2015।**

महोदय,

कृपया अपने उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विषयक मोटर मार्ग के चौडीकरण प्रस्ताव को प्रभाग द्वारा ऑनलाईन की सूचना अपलोड न किए जाने पर आपत्ति लगाते हुये ऑनलाईन इस कार्यालय को प्रेषित किया गया था।

इस संबंध में अवगत कराना है कि प्रभागीय स्तर से भरी जाने वाली सूचनाओं को ऑनलाईन अपलोड कर दिया गया है। अतः प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु ऑनलाईन आपको प्रेषित किया जा रहा है तथा प्रस्ताव की 2 हार्ड प्रति अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून व 1 हार्ड प्रति आपको पूर्व में इस कार्यालय के पत्रांक–2471/12–1, दिनांक 31.03.2016 से प्रेषित की जा चुकी है। सम्बन्धित पत्र की छाया प्रति संलग्न है।

उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 24-06-2020 को किया गया। जनहित में प्रस्तावित मोटर मार्ग दोलेन चौडीकरण किया जाना आवश्यक है। अतः जनहित में उक्त मोटर मार्ग का दो लेन चौडीकरण कार्य की स्वीकृति हेतु संस्तुति की जाती है।

**संलग्नकः–** उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

(सुबोध कुमार काला)
प्रभागीय वनाधिकारी,
अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट।

O/C

16-1 forest land transfer 2020